मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–21.04.2020

★मुख्यमंत्री सहायता एप्प में दो लाख मजदूर हुए निबंधित, जल्द मिलेगी राशि...हेमन्त सोरेन

=========================

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति - 372/2020

21 अप्रैल 2020

झारखण्ड मंत्रालय

===========================

★मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने खाद्य , सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले , विभाग द्वारा तैयार झारखण्ड बाजार Jharkhand-Bazar एप्प लांच किया

★गूगल प्ले स्टोर से jharkhand bazar एप्प किया जा सकता है डाउनलोड.. https://bit.ly/34Lm5cC - URL की मदद से भी कर सकते हैं डाउनलोड

======================

★राज्य के लोगों को लॉकडाउन में सुविधा उपलब्ध कराना है लक्ष्य

★संक्रमण से बचने का सामाजिक दूरी है उपाय

...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री झारखण्ड

========================

मंत्रालय

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि लॉकडाउन में लोग घरों से बाहर न निकलें और उन्हें खाद्यान्न की आपूर्ति उनके घर तक सुनिश्चित हो। इस निमित नगर निगम, नगर पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए झारखण्ड बाजार एप्प लांच किया जा रहा है। एप्प लांच करने का उद्देश्य छोटे-बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को लॉकडाउन में खाद्यान्न उपलब्ध कराना है। कोरोना जैसे संक्रमण से बचने का कारगर उपाय सामाजिक दूरी का पालन है। ऐसे में यह एप्प राज्य की जनता के लिए कारगर साबित होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री मंत्रालय स्थित सभागार में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, विभाग द्वारा तैयार झारखण्ड बाजार Jharkhand-Bazar एप्प लांच करने के बाद कही। मुख्यमंत्री ने कहा अर्थव्यवस्था की गाड़ी को आगे बढ़ने के लिए लॉकडाउन में छूट मिली है। राज्य में केंद्र के आदेश का अनुपालन हो रहा है।

दो लाख श्रमिकों का हुआ निबंधन

मुख्यमंत्री ने बताया कि लॉकडाउन में राज्य के बाहर फंसे श्रमिकों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से लांच किये गए मुख्यमंत्री सुविधा एप्प में अब तक करीब दो लाख श्रमिकों ने निबंधन कराया है। अतिशीघ्र सभी श्रमिकों के बैंक खाते में एक हजार रुपये की राशि डीबीटी का माध्यम से डाली जाएगी। एप्प को गूगल प्ले स्टोर में निबंधित करा एप्प की विसंगतियों को दूर कर दिया गया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि यहां बसने वाले गरीब, किसान, मजदूर समेत सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस निमित हम कार्य कर रहें हैं।

★आइये जाने एप्प की विशेषता...

एप्प को एंड्रॉयड मोबाइल के गूगल प्लेस्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

https://bit.ly/34Lm5cC - URL के माध्यम से भी मोबाइल एप्प को इनस्टॉल कर सकते हैं।

एप्प में निबंधन या लॉगिन के बाद एप्प उपभोक्ता के लोकेशन के दो किलोमीटर के दायरे में पड़ने वाले दुकानों की सूची, दुकानदार का नाम और संपर्क नंबर उपलब्ध कराएगा।

एप्प के माध्यम से खाद्यान्न की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से हो सकती है। होम डिलीवरी की सुविधा नहीं होने की स्थिति में एप्प M-pass निर्गत करेगा, जिसकी एक समय अवधि होगी खरीदारी करने की। होम डिलीवरी के लिए भी डिलीवरी करने वाले वाले व्यक्ति का M-Pass निर्गत होगा।

हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों में यह एप्प कार्य नहीं करेगा

उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह , पुलिस महानिदेशक श्री एमवी राव , मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव श्री विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक श्री राजीव लोचन बख्शी , मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव श्री सुनील श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के सचिव व अन्य उपस्थित थे।

###

=========================

#Team PRD(CMO)